दिन– बुधवार दिनांक– 18/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर डॉ. भीम राव आम्बेडकर के अपमान का आरोप लगाया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान भारतीय संविधान के निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक परिवार के नेतृत्व वाली पार्टी ने डॉ. आम्बेडकर की विरासत को मिटाने और एससी–एसटी समुदाय को हर स्तर पर अपमानित करने के लिए हर संभव अनुचित चाल चली है। उन्होंने कहा कि लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस पार्टी सालों तक किये अपने बुरे कामों पर पर्दा नहीं डाल सकती।

————————————————————————

राष्ट्रीय जाचं अभिकरण, एनआईए आज मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले में छह से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत मलकौनी गांव में मुखिया नंद कुमार राय उर्फ भोला राय के आवास पर छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने मुखिया के पुत्र के पास से पूर्व में ए–के सैंतालीस राईफल बरामदगी के मामले में यह छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मिठनपुरा के तीनकोठिया स्थित बब्लू खान के आवास पर भी एनआईए ने छापेमारी की है। इस दौरान नकद और कई सदिग्ध सामान बरामद किये गए हैं। छापेमारी की कार्रवाई इस समय जारी है।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने आज उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय रेलवे इन खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है और ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

————————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में अगले दो दिनों तक रात के तापमान में आंशिक वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————

भारतीय मौसम विभाग, आईएमडी की स्थापना के एक सौ पचास वर्ष और मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के पचास वर्ष आज पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर पटना में मौसम और जलवायु सेवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्‌घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मौसम विभाग आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सटीक जानकारी प्रदान कर रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए देशभर में अतिरिक्त रडार लगाए जा रहे हैं। इससे आपदा प्रबंधन, कृषि और दैनिक जीवन में मौसम पूर्वानुमान की उपयोगिता में सुधार होगा।

———————————————————

बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा दोबारा कराये जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना के गर्दनीबाग में प्रदर्शन किया। प्रर्दशनकारियों का कहना है कि केवल पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर आयोजित परीक्षा रद्द करने का फैसला गलत है। गौरतलब है कि तेरह दिसम्बर को बापू परीक्षा परिसर में आयोजित परीक्षा के दौरान हंगामा और अव्यवस्था के कारण बिहार लोक सेवा आयोग ने इस केंद्र की परीक्षा रद्द कर दी थी।

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्कूली बस में लाया जा रहा दो क्विंटल गांजा जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस संबंध में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अंतर्गत उलाव हवाई अड्डा के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो अपराधियों को चोरी की एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अररिया जिले में नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किये हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।